३० अगस्त 2020

कम्युनिकेशन स्किल्स पर वेबिनार आयोजित

एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत प्रो० राजेश शर्मा, प्राचार्य डी० ए० वी० कॉलेज, अम्बाला शहर और डॉ० चंद्रा मुखर्जी, प्राचार्या गर्वमेंट ड्रिगी कॉलेज, तेलंगाना के मार्गदर्शन में एक वेबिनार आयोजित किया गया जिसका विषय कम्युनिकेशन स्किल्स और महत्व रहा। इस कार्यक्रम में प्रो० सलिल दोसाज, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी, डी० ए० वी० कॉलेज ने स्वागत अभिभाषण में वेबिनार के विषय पर प्रकाश डालते हुए कम्युनिकेशन स्किल्स में बॉडी लैंग्वेज का महत्व बताया। मुख्य वक्ता तारा गर्वमेंट कॉलेज के प्रो० मोहम्मद जलील रहे। उन्होंने कम्युनिकेशन में अवरोधक और प्रभावी कम्युनिकेशन के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी। कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने के लिए प्रमुख बिन्दुओं जैसे स्पष्टता, यथार्थता, संपूर्णता, स्थूलता, संक्षिप्त, अनुकूलता और शिष्टाचार पर भी प्रकाश डाला। प्रो० राजीव महाजन, डॉ० गरिमा सुमरान, डी० ए० वी० कॉलेज तथा डॉ० आपशा बेगम, गर्वमेंट ड्रिगी कॉलेज कार्यक्रम संयोजक रहे। प्रो० सारा भवानी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।